तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 योजनाओं को जनता से जोड़ना हमारा दायित्व : सांसद चौधरी




14 पलायन नीति 2020 की चुनौतियों के समाधान सुझाए



## खबर संक्षेप

### स्कूल से टुल्लू पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम कोना के स्कूल से टुल्लू पंप की चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट करते हुए स्कूल के प्रधान पाठक मुकेश बैस ने पुलिस को बताया कि कोना स्कूल परिसर में गांव से नल कनेक्शन लगा है। जिसमें छत ऊपर टंकी में पानी ले जाने के लिए टुल्लू पंप खुले स्थान में लगा था। 17 जून को स्कूल खुलने पर टुल्लू पंप कीमत 6000 रुपए वहां नहीं था, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पंप को चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया चांदनी निवासी भाठापारा तुमगांव ने बताया कि उसका पति रंजित मन्नाडे 24 जून को शाम करीबन 70 बजे उसके मायके भाठापारा तुमगांव में आया और मुझे बच्चे से मिलने नहीं देती हो कहकर गाली दे रहा था। उसी समय बीच बचाव करने आए उसके भाई ज्ञानेश्वर गहरवाल को तुम कौन होते हो, हम दोनों के बीच में पड़ने वाले कहकर डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** आईटीआई से लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट की घटना के मामले में कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सागर सोनवानी वार्ड नंबर 24 कुम्हारपारा ने बताया कि 24 जून को दोपहर करीबन 3.30 बजे वह आईटीआई से घर वापस आ रहा था, रास्ते में सीताराम साहू के किराना दुकान के पास पहुंचा था, तभी रौनक उर्फ गबरू घसिया वहां पर खड़ा था, जिसने उसे देखकर गाली देते हुए तुम और तुम्हारी मां ने मेरे खिलाफ थाने में शिकायत की, तुम मुझे जानते नहीं हो मैं स्वीपर मोहल्ले का दादा हूं, आज तुझे जान से खत्म कर दूंगा कहते हुए हाथ में रखे धारदार वस्तु से सिर में वार कर दिया। खून निकलते देखकर आरोपी रौनक उर्फ गबरू घसिया वहां से भाग गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कल रथयात्रा, प्रभु जगन्नाथ के साथ बलभद्र एवं सुभद्रा देंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर में इस बार जगन्नाथ यात्रा को लेकर शहरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी जोरशोर से जारी है। 27 को 2.30 बजे से रथयात्रा निकलेगी। श्रीराम जानकी मंदिर से गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए विठोबा टाकीज गुंडिचा मंडप तक नगर भ्रमण होगा। इसके पश्चात भगवान जगन्नाथ भगवान गोपी चंद्राकर कुर्मी पारा के घर पर विश्राम करेंगे।

भगवान के दर्शन के लिए हर वर्ष शहर के मुख्यमार्ग पर लोगों की भीड़ उमड़ती है। लोग भगवान के दर्शन के साथ ही रथ भी खींचते हैं। लोगों में उत्साह देखते ही बनता है। मंदिर समिति के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्रा पर्व मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर बैठकर अपनी मौसी के घर जाते हैं। वे अपनी मौसी के घर सात दिन रुकते हैं। इसके बाद वापस आते हैं।

आचार्य नारायण महाराज ने बताया कि यह परंपरा हर साल निभाई जाती है। भगवान जगन्नाथ को तीन दिन काढ़ा पिलाया गया है। रथयात्रा के लिए रथ को सजाने और रंगरोगन का कार्य भी शुरू हो गया है। इसके अलावा मंडप को नए सिरे से बनाया जा रहा है।

## नगर के श्रीराम मंदिर मंदिर में रथयात्रा की तैयारी शुरू, 2:30 बजे निकलेगी यात्रा

### 6.50 क्विंटल प्रसादी का होगा वितरण

नगर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की यात्रा में लगभग 6.50 क्विंटल का गजामूंग प्रसाद तैयार किया जा रहा है जिसमें चना 3.50 क्विंटल, मूंग 2 क्विंटल एवं गुड़ 1 क्विंटल शामिल है। जिसका वितरण शुक्रवार के दिन रथ यात्रा के दौरान नगर वासियों को किया जाएगा।



### तीन दिन पिलाया गया है काढ़ा

पं. नारायण वैष्णव ने बताया है कि हर वर्ष कि तरह इस बार भी भगवान को तीन दिनों तक काढ़ा पिलाया गया है। इसकी शुरूआत शनिवार से किया गया एवं सोमवार को आखरी काढ़ा पिलाया गया। इन्होंने बताया है कि 26 तारीख को सुबह 5 बजे नेत्रोत्सव मंगला आरती होगी उसके बाद 27 तारीख के बाद प्रातः मंगला श्रृंगार आरती के बाद दर्शन प्रारंभ किया जायेगा।

### रथ सज कर तैयार

शहर के राम मंदिर में भगवान जगन्नाथ का रथ नये रंग रोगन के साथ तैयार किया गया है एवं मंडप तैयार किया जा रहा है। प्रसाद वितरण करने के लिए गजामूंग प्रसाद बनाने के लिए चना, मुंग कि सफाई करने के लिए 7 से 8 लोगों लगाया गया है एवं चने एवं मूंग को भिगाने के लिए बड़े टब की व्यवस्था की गई है।

## राहत की बारिश : बुधवार को जिले में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिले

# समय पर मानसून फिर भी औसत प्रतिशत से कम वर्षा, जलाशयों की स्थिति खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बुधवार देर शाम मुख्यालय सहित जिले के तकरीबन सभी इलाको अच्छी बारिश ने किसानों के चेहरे में रौनक ला दी वहीं, उमस से लोगों को राहत मिली है। 25 जून की स्थिति में जिले में बीते साल की अपेक्षा 70 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। बता दें कि बीते वर्ष 27 जून तक औसत 105 मिमी बारिश होती रही है। लेकिन इस वर्ष केवल 30.4 मिमी ही बारिश दर्ज हुई है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून देश व प्रदेश में हालांकि समय पूर्व आया परन्तु वर्षा की धीमी रफ्तार से अभी तक औसत बारिश का आंकड़ा भी प्रदेश के अधिकांश जगहों को नहीं छू पाया है। तय समय पर मानसून की दस्तक जिले में जरूर हुई परन्तु वर्षा की गतिविधि काफी धीमी होने के कारण औसत से काफी कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के दर्ज आंकड़ों के अनुसार जिले में अभी तक 61.7 मिमी वर्षा हुई है जो औसत वर्षा से काफी कम है। विभाग के अनुसार अगले 6 दिनों तक पूरे प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर मध्यम वर्षा होने की संभावना है, साथ ही उत्तरी छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। जिले के छोटे-बड़े जलाशयों को भी मानसून का इंतजार है। क्योंकि, छोटे बांध पहले ही सूख चुके हैं। बड़े बांधों में कम पानी है। नदी-नाले भी सूखे पड़े हैं। मानसून सक्रिय होने के बाद ही जलाशयों का जलस्तर बढ़ेगा। जिले के दो प्रमुख जलाशय कोडार और केशवा बांध में सबसे कम पानी है।



### महासमुंद व सरायपाली ज्यादा बारिश का अनुमान

विभाग ने जिले में इस वर्ष 993.3 मिमी औसत वर्षा होने की संभावना जताई है। महासमुंद विकासखंड में 1265 मिमी. सरायपाली में 1225 मिमी, बसना में 1268, पिथौरा में 1172.8 मिमी और बागबाहरा में 1026 औसत बारिश हो सकती है। मानसून के आगमन के बाद ही राहत मिलेगी। अमूमन देखा जाए बागबाहरा विकासखंड में सबसे कम बारिश होती है। बारिश नहीं होने से इसका असर कोड़ार बांध पर पड़ता है। वर्तमान में बारिश का सिस्टम नहीं बन रहा है। ओडिशा के नजदीक इलाकों में ज्यादा बारिश हो रही है। महासमुंद जिले में मानसून सक्रिय होने के बाद ही तेज बारिश की संभावना है।

### बीते साल 27 जून तक 99.4 मिमी हुई वर्षा

जिले में बीते साल चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से 25 जून तक 99.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 165.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 119.1 मिलीमीटर, बसना में 97.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 94.0 मिलीमीटर, पिथौरा में 82.1 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 38.8 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। बीते साल 27 जून को 13.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में महासमुंद तहसील में 33.0 मिलीमीटर, बागबाहरा और सरायपाली में 13.5 मिलीमीटर, पिथौरा में 11.7 मिलीमीटर, बसना में 5.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 4.9 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई थी।

### आगमी तीन दिन अच्छी बारिश के आसार

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग में स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका मध्य उत्तरप्रदेश के दक्षिणी भाग से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर उड़ीसा तक स्थित है तथा यह 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, तटीय आंध्रप्रदेश से दूर तथा दक्षिण ओडिशा तट के ऊपर 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है जिससे दो -तीन दिन प्रदेश में अच्छी बारिश हो सकती है।

# तालाब में डूबने से दो छात्रों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी थानांतर्गत ग्राम सोरमसिंघी के एक तालाब में नहाने गए दो मासूमों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों भाइयों के शवों को तालाब से निकाला और पीएम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार कक्षा पहली में पढ़ने वाला द्रोण निषाद (7) और आंगनबाड़ी में पढ़ने वाला दुष्यंत निषाद (6 ) दोनों चचेरे भाई मंगलवार को स्कूल की छुट्टी के बाद शाम करीब चार बजे तालाब गए और दोनों ने तालाब में छलांग लगा दी ।

डूबने से उनकी मौत हो गई । बताया जाता है कि हाल ही में तालाब में गहरीकरण हुआ था। जिस स्थान पर दोनों मासूमों ने छलांग लगाई ठीक वहीं जेसीबी से खुदाई की वजह से बड़ा गड्ढा था। दोनों इस 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरे और वापस नहीं निकल पाए। डूबने से दोनों की मौत हो गई। छलांग लगाने के बाद उनके साथ गए कुछ और बच्चों ने उनके घर पहुँचकर घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने इस आशय की जानकारी पुलिस को दी।

## ग्रामीण पर चाकू से किया प्राण घातक हमला, रायपुर रेफर, मामला दर्ज

**सरायपाली।** सिंघोडा थाना अंतर्गत ग्राम घेसपाली में दो लोगों के बीच वाद-विवाद पर एक व्यक्ति ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। थाना से मिली जानकारी अनुसार सादराम यादव पिता रेशमलाल यादव (60) निवासी ग्राम घेसपाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विगत 22 जून को वह और उसके गांव का पुमेश्वर चौधरी खेत का काम कर वापस घर जा रहे थे। इसी बीच परसकोल पुलिया के पास दोपहर लगभग 03:30 बजे उसका छोटा भाई सेतराम यादव और ग्राम बाराडोली का प्रेम सारथी किसी बात को लेकर वाद विवाद कर रहे थे। प्रेम सारथी ने उसके छोटे भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली गलौज किया और अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की नीयत से उसके सेतराम के गले में और पीछे कमर में प्राण घातक हमला कर दिया। इससे सेतराम चिल्लाने लगा और आवाज सुनकर वे लोग उस तरफ दौड़ने लगे, तो प्रेम सारथी उसके भाई को चाकू मारकर भाग गया। सेतराम घायल अवस्था में गिर पड़ा, जिसकी जानकारी सेतराम के बडे बेटे खगेश्वर यादव और गिरधर यादव को दिए। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई और घायल को 112 वाहन में सरायपाली अस्पताल ले गए। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उचित ईलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया। पुलिस ने प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 109(1), 296, 351 (2) के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

# जर्जर भवन में पढ़ने मजबूर है छात्र, बारिश होने पर छतों से टपकता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का एक और मामला सामने आया है जंहा स्कूली छात्रों को मौत के साये में रह कर पढ़ाई करना पड़ रहा है। शिक्षा व्यवस्था बदहाली के कारण गांव के लोगों को सामुदायिक भवन में पढ़ने की व्यवस्था करना पड़ रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला खमतराई के अति जर्जर स्कूल भवन में बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। बात यदि जिले की करें तो जिले में 45 अति जर्जर स्कूल भवन अभी मौजूद है। जिले में 1276 प्राथमिक स्कूल, 492 मिडिल स्कूल और हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या 188 है। कुल मिलाकर जिले में 1956 स्कूल है। जिनमें से 374 स्कूल भवन जर्जर अति जर्जर एवं मरम्मत योग्य है। इसमें से 45 स्कूल जर्जर स्थिति में है। आपको बता दें कि 3 वर्षों से अति जर्जर होने के बावजूद भी बच्चों को उसी भवन में पढ़ाया जाना। पूरे शिक्षक सिस्टम पर एक प्रश्न चिन्ह लगता है। बाहर ग्रामीण अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए स्वयं आगे आते हुए सामुदायिक भवन को पढ़ने के लिए दे रहे हैं। लेकिन उसमें भी एक बड़ी समस्या यह है कि बच्चों का मध्यान्ह भोजन आखिर कहां बनाया जाएगा और बच्चे





शौचालय कहां जाएंगे। छात्र राहुल पटेल ने बताया है कि स्कूल भवन काफी जर्जर हो चुका है। बारिश में ऊपर से पानी टपकता है। जिससे छात्रों को पढ़ाई करने में परेशानी होती है। हम छात्रों को नया भवन चाहिए जिससे आगे की पढ़ाई पूरी कर सके। वहीं मामले में विधायक प्रतिनिधि दिलीप ध्रुव एवं प्रधान पाठक शोभाराम साहू ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से आलाधिकारी को लिखित में जानकारी दे रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुई है। एक हफ्ते बाद गांव के सामूहिक भवन में बच्चों की पढ़ाई कराने की व्यवस्था की जाएगी।

### प्राथमिक स्कूल की हालत जर्जर

शासकीय प्राथमिक शाला खमतराई स्कूल भवन अति जर्जर हो चुका है। जिसमें कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रधान पाठक, पालक शाला समिति के पदाधिकारी पिछले तीन साल से नए भवन की मांग कर रहे हैं। लेकिन आज तक नए भवन की स्वीकृति नहीं मिली। इस स्कूल में पहली से पांचवी तक के लिए 72 बच्चे पढ़ाई करते हैं। इस स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 2003-04 में हुआ था। अब इस भवन के दीवारों में दरारें पड़ चुकी है।

### वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी

जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने कहा है कि स्कूल खुलने से पहले ही शासन की ओर से जो निर्देश आए हैं उसी के तहत वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को बोला जा चुका है। कोई भी कक्षा जर्जर भवन में नहीं लगानी है भले ही दो पालियों में कक्षा लगानी पड़े, उसके बाद भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है तो इसे मैं दिखवाता हूं।

## जिले की पुलिस ने 6 मामलों का खुलासा किया, 3 लाख 98 हजार का सामान जब्त

# फोटो खींचने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री आवास का पैसा दिलाने के नाम पर फोटो खींचने के बहाने ठगी व चोरी करने 6 प्रकरणों का खुलासा महासमुंद पुलिस ने किया है। मामलेमें 2 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इन लोगों ने जिले के महासमुंद, तुमगांव, पटेवा, और तेंदूकोना क्षेत्र में वारदात को अंजाम दिया था। मामले में आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 78 हजार कीमत के सोने के जेवर कुल वजन 17.98 ग्राम एवं 1 लाख 10 हजार कीमत के चांदी के जेवर कुल वजन 1000.09 ग्राम तथा 01 नग मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त 1 मोटर सायकल कुल 3,98,610 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया पुनिया बाई ध्रुव पति भरत ध्रुव खरोरा महासमुंद ने थाना सिटी कोतवाली महासमुंद आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 जून की सुबह करीबन 9 बजे प्रार्थीया और उसकी नतनीन चुम्मन ध्रुव के साथ घर से लगा हुआ बाड़ी में काम कर रही थी उसी समय मोटर सायकल में दो व्यक्ति आये और अपने आप को प्रधानमंत्री आवास संबंधित अधिकारी बताये और उन्होंने कहा कि आपका प्रधानमंत्री आवास में नाम आया है इसलिये आपका फोटो खींचना है और उन्होंने कहा जो गहना आप पहनी हो उसका यदि फोटो में दिखाई देगा तो आपका आवास निरस्त हो जायेगा इसलिये आपको अपने गहना उतारना पडेग़ा। तब प्रार्थिया ने गले में पहने चांदी का माला 10 तोला, कान में पहने सोने का टाप वजन 02 ग्राम तथा हाथ में पहने ऐंठी 16 तोला को निकाल कर जेवर को अपने घर कमरे में रखी और अपने घर के



दरवाजा को बंद कर बाहर आयी। इसके बाद आरोपी दोनों का फोटो खींचना है कहकर बाडी में ले गये, वहां पर एक व्यक्ति ने अपने मोबाईल से उन दोनों का फोटो खिंचा और दूसरा व्यक्ति बाडी के दरवाजा के पास था उक्त व्यक्ति फोटो खींच रहे व्यक्ति को काम हो गया है चलो कहा और जाते-जाते आपका काम हो जायेगा कहते हुये दोनों अपने मोटर सायकल से चले गये। बाद में कमरे के अंदर जाकर देखा तो 39,000 रुपए के जेवर वहां नहीं थे। विवेचना के दौरान सायबर सेल एवं थाना महासमुन्द पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल निरीक्षण कर एवं आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखा गया तथा संदिग्ध लोगों की पता तलाश की जा रही थी कि मुखबिर से सूचना मिला कि सीसीटीवी फुटेज से मिलता जूलता व्यक्ति रेलवे स्टेशन रोड में घूम रहा है कि उक्त सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकडा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम नारद गेंड्रे पिता भुनेश्वर गेंड्रे (36 वर्ष) ग्राम बिलाडी थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर का होना बताया। जिससे उक्त चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर प्रार्थिया के घर मे जाकर प्रधानमंत्री आवास के नाम पर चांदी/सोने के गहने को चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस की टीम के द्वारा दूसरे व्यक्ति के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि चंद्र कुमार अभी महासमुंद के बस स्टैंड के पास है, जिसे टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम चंद्र कुमार टंडन पिता नरेश कुमार (35 वर्ष) ग्राम भैंसमुडी थाना खरोरा जिला रायपुर हाल बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर का निवासी होना बताया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम दोनो अपना-अपना लिए पक्का मकान बनाना चाहते थे किंतु हमारे पास पैसा नही होने से मकान नहीं बना पा रहे थे तभी हम दोनों मिलकर योजना बनाये कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को आवास का पैसा स्वीकृत होता है वैसे लोगों के घर में जाकर ठगी और चोरी करेंगे। उन्होंने महासमुंद जिले में ठगी के 6 घटना को अंजाम देना बताये।

### आरोपियों ने इन छह जगहों पर दिया वारदात अंजाम

दिनांक 14.06.25 को इसी प्रकार ग्राम खरोरा महासमुंद में बूढी औरत से एक जोड़ी सोने का टॉप्स एवं 06 नग सोने का पत्ती लगा हुआ माला को झासा मे लेकर चोरी बताये। ग्राम जोगीडीपा पटेवा क्षेत्र से एक घर से एक जोड़ी चांदी का पायल एवं एक जोड़ी सोने का टॉप्स। ग्राम कौंवाझर तुमगांव क्षेत्र से एक घर से 01 जोड़ी सोने का टॉप्स, 04 जोड़ी चांदी का पायल, 03 नग चांदी का सिक्का, 01 नग चांदी का करधन। ग्राम सिनोधा पटेवा क्षेत्र से 01 जोड़ी चांदी का पायल, 01 जोड़ी सोने का टॉप्स, 01 नग चांदी का चैन। ग्राम साल्हेभाठा तेंदूकोना क्षेत्र से 02 नग सोने का टॉप्स, 01 नग सोने का लॉकेट, 04 नग सोने का गेंहू दाना ठगी एवं चोरी करना बताये। पुलिस ने आरोपियों के विरुध्द थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में अपराध धारा 305(ए), 331(3), 319(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## सुहावना मौसम तो बाजार में दिखने लगे भुट्टे



**महासमुंद।** नगर में बुधवार देर शाम बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया जिसके चलते बाजार में भुट्टे नजर आने लगे। इस मौसम में लोगों को भुने हुए भुट्टे बहुत पसंद आते है। बरसात लगने के साथ बाजार में भुने हुए भुट्टे की मांग बढ़ जाती है।

**खबर संक्षेप**



## सोरिद स्कूल में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला सोरिद का संयुक्त साला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुधा योगेश्वर चंद्राकर रही। अध्यक्षता सोरिद सरपंच जानकी प्रहलाद ध्रुव ने की। विशेष अतिथि सेवानिवृत प्रचार्य धरम सिंह महानंद रहे। कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के नवप्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा करा व तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदाय किया गया। अस्तित्व फाउंडेशन रायपुर द्वारा प्राप्त निशुल्क स्कूल बैग बच्चों को वितरित किया। जनपद सदस्य ने प्रवेश उत्सव की उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। शिक्षा विद प्रहलाद ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य योगेश्वर चंद्राकर, भोले गंधर्व, संस्था प्रमुख सुखेन्द्र द्विवेदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सोहनलाल साहू एवं आभार प्रदर्शन रामकुमार जांगड़े ने किया। सत्र 2025 में कक्षा दसवी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र रुद्रप्रताप ध्रुव को समीर चौधरी द्वारा 11 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, रामधन सबर, आरती दास मानिकपुरी, बोधन सबर, प्रभु साहू, सुखदेव नेताम, मनोज चंद्राकर, छोटेलाल खुटे, शिक्षक पूजा श्रीवास्तव, नेहा संगतानी, मनीषा नंदेश्वर, मंजू दीवान, सीएच एलवीना, तारकेश्वरी मानिकपुरी, डोमार राम साहू, शांतनु वर्मा, सीमा मानिकपुरी, गायत्री ठाकुर, तारकेश्वर साहू, चंदन गेंड्रे, टेकराम देवांगन आदि मौजूद रहे।

### आपातकाल : जिले के मीसाबंदियों के परिजनों को किया गया सम्मानित

# देश सबसे बड़ा और संविधान ही सर्वोपरि : उपमुख्यमंत्री साव





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वर्ष 1975 में आज ही के दिन तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में आपातकाल लगाया गया था। इसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाया गया। इस दौरान जिले के मीसा बंदियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही आपातकाल पर परिचर्चा की गई। इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से 1975 के आपातकाल के दौर को रेखांकित किया गया। छत्तीसगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल महासमुंद में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरूण साव तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र रूपकुमारी चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मीसाबंदी मोहन चोपड़ा, मणिलाल चंद्राकर एवं उर्मिला अमृत साहू उपस्थित थे।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में बुधवा को दोपहर 12 बजे छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। द्वितीय सत्र में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव आपातकाल पर आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि के आसंदी से उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान हत्या दिवस के इस अवसर पर हम सभी एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बात को समझने कि आवश्यकता है कि आपातकाल क्यों लगाया गया। उस समय महंगाई और अराजकता चरम पर थी, जनता के मन में असंतोष था। इसी असंतोष को दबाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा आपातकाल लगा दिया गया। ये दिवस जब हम मना रहे हैं ये इस बात को बताता है कि हम सभी मीसा बंदियों के दर्द को समझते हैं, जिन्हें बेवजह जेल में डाल दिया गया। एक तरफ़ संविधान की हत्या की गई और दूसरी ओर संविधान निर्माता का लगातार अपमान किया गया। उन्होंने कहा कि देश से बड़ा कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र की भावना को मानते हैं, समझते हैं उन्हें आपातकाल जैसी मानसिकता के खिलाफ खड़ा होना होगा, इसी में इस देश की बेहतरी है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार द्वारा देशवासियों पर अचानक थोपे गए आपातकाल के काले सच की सभी को जानकारी होना बेहद जरूरी है। 25 जून वह दिन है, जब लोकतंत्र के मूल्यों की हत्या हुई थी। सत्ता के लालच में नियम व कानून को ताक पर रखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए तत्कालीन सरकार ने पूरे देश में इमरजेंसी लगा दी। विशिष्ट अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने आपातकाल के समय की परिस्थितियों का ज़क्रि किया। उन्होंने कहा की तब सत्ताधीशों ने अपनी सत्ता के लालच में संविधान की हत्या की जिसके बारे में लोगों को जानना जरूरी है। उन्होंने कहा की आपातकाल के बारे में जानना इसलिए भी जरूरी है क्यूंकि संविधान के स्तंभ कोर्ट और मीडिया तक को सेंसर कर दिया गया। इसलिए यह हमारे इतिहास के लिए एक काले अध्याय की तरह था। इन्होंने संविधान के रक्षक बनने के बजाय भक्षक बनने का काम किया। वहीं स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने आपातकाल के इतिहास को बताया साथ ही मीसा बंदियों के दर्द और यातना का जिक्र करते हुए उस काले अध्याय को दर्दनाक घटना बताया। इस अवसर पर मीसाबंदी मणिलाल चंद्राकर ने उस वक्त की हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे देश में विपक्ष के सभी नेताओं को जेल की सलाखों में डाल दिया गया। कुर्सी की रक्षा के लिए पूरे देश में आपातकाल लगाया। उन्होंने बताया कि वे बिना बताए घर से निकल गए और आपातकाल के खिलाफ रायपुर में नारेबाजी की और अगले दिन गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया।

## महारानी दुर्गावती नारी शक्ति का प्रतीक : चंद्रहास

### महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय बीटीआई रोड गौरव पथ पर महारानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल पर आदिवासी समाज द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की 24 जून को 461वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने महारानी वीरांगना दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता व अदम्य साहस को प्रणाम किया। चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गावती की शहादत एक प्रेरणा है। और उनका साहस भारतीय युद्धकला और नेतृत्व के इतिहास में एक अमूल्य धरोहर के रूप में सदैव जीवित रहेगा। रानी दुर्गावती का जीवन साहस, संघर्ष और नायकत्व का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने 51 युद्धों में विजय प्राप्त की और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान दिया। रानी दुर्गावती ने अपने जीवनकाल में 52 लड़ाई लड़ीं और 51 में विजयश्री प्राप्त की। उनके गोंडवाना साम्राज्य में 23 हजार गांव शामिल थे। वीर रानी दुर्गावती ने 3 बार मुगल सेना को धूल चटाई थी। रानी दुर्गावती भी चंद्रशेखर आजाद की तरह आजाद रहीं। दुश्मन उन्हें कभी हाथ नहीं लगा पाये। महारानी दुर्गावती नारी शक्ति की एक महान मिसाल व प्रतीक है। इस दौरान समाज के पदाधिकार गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण शिविर 29 को पुलिस लाइन परसदा में

**महासमुंद।** जिले में संचालित स्कूल बसों की सुरक्षा और मानकों की जांच सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 29 जून 2025 को निरीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर महासमुंद स्थित पुलिस लाईन परसदा में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर महासमुंद, पिथौरा एवं बागबाहरा तहसील के अंतर्गत संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थानों की स्कूल बसों के भौतिक निरीक्षण हेतु आयोजित किया गया है। इस दौरान प्रत्येक स्कूल बस का तकनीकी परीक्षण, फिटनेस जांच एवं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की समीक्षा की जाएगी। परिवहन अधिकारी ने सभी स्कूल प्रबंधन, वाहन मालिकों, वाहन चालकों एवं परिचालकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि पर वाहन तथा सभी वैध दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान यदि कोई वाहन शिविर में प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उस वाहन का फिटनेस निलंबन/निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

## हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए 26 एवं 27 जून को नपा सरायपाली में शिविर

महासमुंद। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988, मोटरयान नियम 1989 एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर 2018 को जारी अधिसूचना तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य किया गया है। उक्त आदेश के प्रचार-प्रसार एवं नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद के मार्गदर्शन में 26 एवं 27 जून 2025 को नगरपालिका सरायपाली सभाकक्ष में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## अछोली गांव की सड़क बदहाल...



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि महासमुंद से मात्र 15 किलोमीटर दूर ग्राम अछोली की सड़क बुरी तरह खराब है। लगभग 5 से 7 किमी कोई पैदल भी नहीं चल पाएगा। पिछले 10 वर्षो से ग्राम के सरपंच, पंच और यहां के जनप्रतिनिधियों ने कई बार कलेक्टर, विधायक सभी को आवेदन दिया जा चुका है। लेकिन, किसी का भी ध्यान इस ओर नहीं है। जिलाध्यक्ष झाबक ने कई गांवों का दौरा किया। जिसमें सबसे खराब हालत ग्राम अछोली के रोड का है। कलेक्टर से भी इसकी शिकायत की गई है, लेकिन किसी प्रकार का हल नहीं निकाल रहे है। ग्रामीण इसके लिए आंदोलन करने को भी तैयार है। अगर जल्द से जल्द इसका निवारण नहीं होगा तो आम आदमी पार्टी के बैनर तले उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# 461वीं पुण्यतिथि पर वीरांगना महारानी दुर्गावती को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ/अजाक्स व ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ के तत्वावधान में 24 जून को वीरांगना महारानी दुर्गावती की 461वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। जिला मुख्यालय के बीटीआई रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े रहीं।

साथ में जिला अध्यक्ष भाजपा ऐतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, नगर पालिका महासमुंद उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव रहे। इस अवसर पर छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ से कमलेश ध्रुव प्रांतीय उपाध्यक्ष, एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष, महेश कुमार ध्रुव जिला महासचिव, दौलत दीवान



ब्लॉक अध्यक्ष, टीआर ध्रुव कोषाध्यक्ष, मनराखन ठाकुर जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, राजकुमार ध्रुव ज़िला सचिव, सनमान दीवान संरक्षक कंवर समाज, थान सिंह दीवान ज़िला अध्यक्ष कंवर समाज, शिव कुमार ध्रुव परिक्षेत्र अध्यक्ष, बीएस नेताम, देवेंद्र ध्रुव, जितेंद्र ठाकुर, चमन लाल ध्रुव अध्यक्ष ईशर गवरा समिति, मनराखन ध्रुव संरक्षक, रामायण ध्रुव कोषाध्यक्ष, तुलेंद्र सागर जिला सचिव अज़ाक्स, एनके ठाकुर, एफआर कश्यप उपसंचालक कृषि, डेजी रानी नेताम अध्यक्ष, डॉली ध्रुव अध्यक्ष, टुकेश्वर सिंह ध्रुव, बलराम ध्रुव, डमरूधर मांझी पूर्व पार्षद, रामानंद ध्रुव, यशवंत ठाकुर, जगदीश ध्रुव, ताराचंद ध्रुव, रघुवीर ध्रुव, कोमल सिंह ध्रुव, खोमन ध्रुव, सरजू कुंजाम, लक्ष्मण सिंह पैकरा, देवेंद्र ध्रुव, चेतन दीवान, हेमसिंह मरकाम, गुहा राम दीवान, पीसी ध्रुव, योगेश्वर ध्रुव, उमेंद्र ध्रुव, अनिल ढीढी, राजेश रात्रे, सुरेंद्र सिंह ठाकुर एवं आदिवासी समाज की महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ढांक स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव, बांटी गई पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला ढांक में 25 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। बुधवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला ढांक में नवप्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मौके पर उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर मुँह मीठा कराया गया और उन्हें गणवेश तथा पाठ्यपुस्तक वितरण किया। बच्चों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने सब को



शिक्षा का महत्व बताया और रोज शाला आने तथा अच्छे से पढ़ाई करने कहा। शाला में पदस्थ शिक्षक व संकुल समन्वयक मनीष चंद्राकर ने न्योता भोज का आयोजन किया था। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता अग्रवाल, भाजपा नेता शम्मी सलूजा, सरपंच हेमिन नायक, भाजपा नेता देवा नायक, निर्भय नायक, उपसरपंच धनीराम पटेल, ग्राम अध्यक्ष लच्छी पटेल, चैनसिंह पटेल एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे। संचालन प्रभारी प्रधान पाठक राम प्यारा मधुकर ने किया।

## न्यू होली फेथ स्कूल में योग दिवस, पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विविध जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य₹ को केंद्र में रखते हुए विद्यालय परिसर में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योगाभ्यास से हुई, जिसमें योग प्रशिक्षिका रेखा एवं बरखा द्वारा विद्यार्थियों को योग के महत्व और उसके नियमित अभ्यास से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। योग सत्र में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पश्चात पर्यावरण संरक्षण को समर्पित ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्रों में जामुन, नीम, एवं अन्य फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन महेंद्र जैन ने कहा कि प्राकृतिक संतुलन और स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्ष लगाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यालय की प्राचार्या शरवरी पींचा एवं महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कार्य को सफल बनाया। साथ ही विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सभी ने मिलकर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षकगण पूजा, ललिता, सविता, वसुंधरा, आरती, सुनीता, प्रज्ञा, लवीना, प्रियंका, अंजलि, हर्षिता, अनिषा, बरखा, आकांक्षा, जयेश, जगदीश, तारा, डायना, गरिमा, रुचि, किंवदंती, शिवानी एवं भोजराज का सराहनीय सहयोग रहा।

# आपातकाल लगाकर की थी लोकतंत्र की निर्मम हत्याः संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

स्थानीय गीत भवन में भाजपा मंडल द्वारा आम सभा आयोजित कर संविधान के काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर संविधान हत्या दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता छतर सिंह नायक, जिला महामंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनंत कुमार पटेल, धनेश नायक, स्वर्ण सिंह सलूजा, उपेंद्र चौधरी, गुंजन अग्रवाल उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता संजय शर्मा ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने आज ही के दिन 50 वर्ष पहले 25 जून 1975 को पूरे देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की निर्मम




हत्या की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौरान देशवासियों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई और लाखों निर्दोष लोगों को जेलों में डाल दिया गया। वरिष्ठ नेता छतर सिंह नायक ने कहा कि 21 महीनों तक चले इस आपातकाल ने भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सत्ता लोलुपता, दमनकारी नीतियों और तानाशाही मानसिकता ने देशहित से ऊपर एक परिवार और एक व्यक्ति के अहंकार को रखा। मुख्य वक्ता विपिन उपोवेजा ने कहा, आपातकाल लगाना भारत की लोकतंत्र की हत्या थी। लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी युवाओं, पत्रकारों और जनआंदोलनों में भाग लेने वाले नागरिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि आपातकाल के विरोध में उठी हर आवाज़ को मैं नमन करता हूं। मेरे पिता जगदीश लाल उपोवेजा को भी 18 महीने जेल काटनी पड़ी थी। इस अवसर पर महिला मोर्चा से पुष्पलता चौहान, सीता सतपथी, तारेश्वरी नायक, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, मनोज दास, जप उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष आशीष दास, महामंत्री विदित धनानिया, कोषाध्यक्ष तरुण बारीक, मंत्री नेपाल बीसी, दुबराज प्रधान, महेंद्र सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा से मो अख्तर, इकबाल, राजा बग्गा सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रुप में मनाया

**सरायपाली।** भाजपा मंडल बलौदा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय एवं मां भारती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात प्रमुख वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के संक्षिप्त जीवनी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। डॉ. मुखर्जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, महान चिंतक, प्रखर राष्ट्रवादी, शिक्षाविद, न्यायविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे और प्रथम अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने राष्ट्र की एकता, सामाजिक न्याय और आत्मनिभार भारत की परिकल्पना में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना के माध्यम से राष्ट्रीय हित की विचार धारा को नई



दृष्टि प्रदान की। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी, गिरीश साहू, उपेंद्र साहू, शारदा तिवारी, वर्षा साहू, आशीष सेन, भाजपा कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### एडीआर भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन

**महासमुंद**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान जिला न्यायालय परिसर स्थित वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र एडीआर भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि आशीर्वाद जन कल्याण सेवा समिति आशीर्वाद ब्लड सेंटर दुर्ग द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत कर रक्तदान शिविर लगाए जाने का अनुरोध किया है, जिस पर प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में 25 जून 2025 बुधवार को यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगणों सहित आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा स्वेच्छा से बढ चढ़कर रक्तदान शिविर में प्रतिभागी बने। कार्यक्रम में अधिवक्ता गौरव शर्मा का अभुतपूर्व योगदान रहा।

## निधन

### राजेश पांडेय

**महासमुंद**। स्थानीय कॉलेज रोड



निवासी व वर्तमान में गोल्डन मार्बल के पीछे संतोषी नगर रायपुर निवासी राजेश पांडेय 57 वर्ष का बुधवार सुबह निधन हो गया। वे जिला न्यायालय बलौदाबाजार में अधीक्षक (सीएफसी) थे। यशस्वी, राजश्री के पिता व महेश राजू पांडेय के अनुज थे। अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह 10 बजे रायपुर मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### रूपधर बिशी

**महासमुंद**। पिथौरा क्षेत्र के ग्राम गबौद निवासी रूपधर बिशी (बढ़ई)



उम्र 70 वर्ष का सोमवार को रायपुर में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और रायपुर में उनका इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में सोमवार की शाम को किया गया। वे लोकनाथ व कौशिक बिशी के पिता थे। अंतिम यात्रा में परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## आयोजन : छग करण महांती समाज का 50वीं वर्षगांठ स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह का आयोजन

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाजजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छग करण महांती समाज ने अपना 50वीं वर्षगांठ स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह के रूप में मनाया। भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन महासमुंद में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चंदूलाल साहू पूर्व सांसद, अध्यक्षता मनोहर महांती अध्यक्ष छग करण महांती समाज महासमुन्द, विशेष अतिथि पूनम चंद्राकर पूर्व विधायक, ऐतराम साहू जिला अध्यक्ष भाजपा, निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, नंदू महांती अध्यक्ष उत्कल करण समाज, इन्दिरा महांती मां तारिणी महिला मंच, अर्चना महांती-उत्कल करण महिला मंच पिथौरा रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भगवान जगन्नाथ मां तारिणि व चित्रगुप्त देव के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। पश्चात मां तारिणि महिला मंच के सदस्यों रश्मि महांती, पुष्पांजलि महांती, मिली महांती, वर्षा महांती, सस्मिता पटनायक, गीतांजलि, तारा द्वारा ओडिशा का राज्य गीत वंदे उत्कल जननी व छग राज्य गीत अरपा पैरी के धार प्रस्तुत किया गया। समाज के सचिव पवित्र महांती ने समाज की स्थापना को लेकर कि कैसे सन 1975 में बच्चों ने मिलकर समाज में एक बाल समाज का गठन किया और देखते ही देखते इन 50 वर्षों में यह एक विकसित समाज के रूप में नगर में स्थापित समाज के रूप में जाना जा रहा है विस्तार पूर्वक उल्लेख सचिव प्रतिवेदन का वाचन किया। पश्चात समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह प्रारंभ हुआ। सम्मान समारोह में सर्वप्रथम 50 वर्ष सन 1975 से समाज के संस्थापक सदस्य व वर्तमान संयोजक किशोर कुमार महांती, प्रतापचंद महांती, विपिन बिहारी महांती, पवित्र मोहन महांती, किरण पटनायक का एवं स्व.संध्या पटनायक (मरणोपरान्त) सम्मान अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदानकर किया गया। पश्चात अगली कड़ी में इन 50 वर्षों में तात्कालिक कार्यकाल में अध्यक्षों अलेख महांती, विपिन महांती, संजय महांती, मनोहर महांती का एवं स्व निरंजन महांती, स्व युधिष्ठिर (मरणोपरांत) स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। स्व युधिष्ठीर महांती का सम्मान उनकी धर्म पत्नी सूर्यकान्ती महांती एवं स्व निरंजन महांती का सम्मान नंदी महांती पिथौड़ा ने प्राप्त किया। अगली कड़ी में महांती समाज में अपनी विशिष्ठता के आधार पर उनकी उपलब्धियों के लिये स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम शिवशंकर पटनायक पिथौड़ा को साहित्य सेवा में, स्व. शिवा नंद महांती पिथौड़ा, साहित्य सेवा, गोपाल सरकार को संगीत, चंदन सरकार एवं शुभम सरकार को गायन व संगीत, सुरेश महांती बागबाहरा का पर्यावरण संरक्षण, मयंक महांती व वैभव महांती को रक्त दान के लिए, आकाश महांती, (नेशनल क्रिकेट-दिल्ली) उदय महांती पिथौरा बैडमिंटन स्टेट, आस्था पटनायक को ओडिशी नृत्य, वीर प्रताप महांती को सब जूनियर जूडो कराते नेशनल, सृष्टि महांती को बुद्धि कौशलता में प्रथम, स्व. मोहन महांती व स्व. दमयंती महांती को समाज को भवन निर्माण में 2.50 लाख प्रदान किये जाने हेतु, विपिन महांती को समाज सेवा, अमित महांती को शासकीय अधिकारी, राहुल महांती को समाज में प्रथम डॉ. की उपाधि पर सम्मानित किया गया। मनोज महांती को लोककला मंचो में संचालन, अभिनय व गायन के लिये अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के बाल कलाकारों व युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आस्था पटनायक का शास्त्रीय ओडिशी नृत्य एवं बच्चों में शिल्पी, शुभी, तारिणि, सृष्टि, गोलू, परी, शौर्य, प्रज्ञा, पंखुडी, बागबाहरा, भूमि बसना, पीहू, मोना श्रेया, रायना, अयांशी, गनिका, किट्टू पिथौड़ा ने एकल व सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। मां तारिणि मंच के सदस्यों- पुष्पा, मिली, सृष्टि, वर्षा, सुमन तारा ने संबलपुरी नृत्य पेश किया। अंत में पेटला ग्रुप में अपना प्रसिद्ध राक फनी डांस प्रस्तुत किया। रायपुर से पधारे राजनंदिनी पटनायक ने शानदार ओड़ीसा नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बागबाहरा से ललित महांती, पिथौड़ा से-उत्कल करण समाज एवं महिला मंच के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्य, बसना से पंकज महांती, रायपुर से रविंद्र, सुधीर, सपना, आरंग से पुष्पा महांती, फुलबानी से राजकिशोर पटनायक, पप्पू महांती, पदमपुर-किशोर राजू, रायगढ़- शोभना एवं अनेक लोग पधारे थे।

कार्यक्रम के अंत में समाज द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। विदित हो कि चंदूलाल साहू ने समाज को 5 लाख., पूनम चंद्राकर ने 2 लाख, प्रकाश चंद्राकर ने 2 लाख, राशि महिलांग ने बोरवेल खनन का सहयोग, स्व. अग्नि चंद्राकर ने 50 हजार एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी ने एक लाख रुपए अपने निधियों से प्रदान किया। पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो कि प्रक्रिया में है। सभी अतिथियों ने अपने उदबोधन में समाज की गतिविधियों व रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन मनोज महांती व विकास महांती ने किया व अध्यक्ष मनोहर महांती ने आभार प्रदर्शन किया।





## समाज के प्रतिभाओं को प्रेरित करने इस तरह का आयोजन जरूरी : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



छत्तीसगढ़ करण महंती समाज का स्वर्ण जयंती व सम्मान समारोह कार्यक्रम खैरा स्थित मांगलिक भवन में हुआ। जिसमें बतौर अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू तथा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस अवसर पर समाज जनों ने नपाध्यक्ष साहू का आत्मीय स्वागत किया। समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित करने आयोजित इस कार्यक्रम को नपाध्यक्ष ने अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि समाज की एकता के लिए समाज के प्रतिभाशाली, समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित कर उन्हें प्रेरित किया जाना आवश्यक है। इस तरह के आयोजनों से हमें समाज, प्रदेश व देश हित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। नपाध्यक्ष ने समाज के सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से किशोरचंद्र महांती संरक्षक, राजकिशोर महांती, प्रताप महांती, किशोर कुमार महांती, मनोहर महांती, प्रभात महांती, संजय महांती, पवित्र मोहन महांती, आनंद महांती आदि उपस्थित रहे।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**महासमुंद**। आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपातकाल स्मृति दिवस (संविधान हत्या दिवस) के तहत छाया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन जिला पंचायत परिसर में किया गया। इस अवसर पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी में आपातकाल कालखंड के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों, जन आंदोलनों, सेंसरशिप, और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह दिवस हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की महत्ता का पुनः स्मरण कराता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदैव सजग रहें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, डीएफओ मयंक पांडेय, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से उस कालखंड की घटनाओं को गंभीरता से देखा और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# लोकतंत्र सेनानी को सांसद ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला पंचायत में आयोजित आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) और उनके परिजनों को सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष करने वाले योद्धाओं की स्मृति को जीवित रखना एवं नई पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में सांसद चौधरी ने लोकतंत्र सेनानी मनीलाल चंद्राकर, स्व. अब्दुल कददुस की धर्मपत्नी फरीदा खैरानी तथा स्व अमृत लाल साहू की पत्नी उर्मिला साहू को शॉल, फल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, आपातकाल के समय जिन लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अत्याचार सहे, वे आज के भारत के सच्चे रक्षक हैं। उनका यह बलिदान हमें हमेशा संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, डीएफओ मयंक पांडेय, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थितजनों ने लोकतंत्र के संघर्ष की स्मृतियों को साझा किया।



# आज 11 साल से देश में अघोषित आपातकाल : अंकित बागबाहरा

**महासमुंद**। खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी अंकित बागबाहरा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश द्वारा आज आपातकाल को असली परिभाषा देते हुए बताया कि असली आपातकाल तो पिछले ग्यारह सालों और तीस दिनों से भारतीय लोकतंत्र पांच दिशाओं से हो रहे एक संगठित और खतरनाक हमले की चपेट में है।

संविधान पर हमले और संविधान बदलने के लिए जनादेश की मांग, देश के प्रधानमंत्री ने 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत को धोखा देने के इरादे से चार सौ पार का जनादेश भारत की जनता से मांगा था। ताकि संविधान बदल सकें। मोदी सरकार ने लगातार संसदीय परंपराओं और मर्यादाओं को तार-तार किया है। जनता से जुड़े मुद्दे उठाने भर पर सांसदों को मनमाने तरीके से निलंबित कर दिया गया। सरकार ने राष्ट्रीय महत्व के गंभीर मुद्दों पर चर्चा से इनकार किया है। महत्वपूर्ण विधेयकों को बगैर बहस के जबरन पारित कराया गया। संसदीय समितियों की भूमिका को दरकिनार कर दिया गया है। संवैधानिक निकायों की स्वायत्तता का हनन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की भूमिका अप्रासंगिक बना दी गई है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग चुके हैं, चुनाव आयोग आज केंद्र सरकार की कठपुतली बनाने का काम किया है। भाजपा ने विपक्षी नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को गिराने के लिए धनबल का इस्तेमाल किया और ये सब विधायकों की खरीद-फरोख्त के जरिए किया गया। विपक्ष-शासित राज्यों में विधेयकों को रोकने और विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने के लिए राज्यपाल कार्यालय का दुरुपयोग किया गया। केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक राजकोषीय व्यवस्थाओं को दरकिनार कर उपकर (सेस) का जरूरत से ज्यादा उपयोग करते हुए राज्यों को उनके वैध राजस्व हिस्से से वंचित कर दिया गया। सरकार द्वारा न्यायपालिका को अंदर ही अंदर धमकाने की एक निश्चित नीति रही है, इसके लिए पदोन्नति में देर, दंडात्मक स्थानांतरण, समझौतापरस्त न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद लाभप्रद पदों की पेशकश और कॉलेजियम की सिफारिशों के मनचाहे कार्यान्वयन जैसे हथकंडे अपनाये गए हैं। टैक्स टेररिज्म तथा व्यवसायों और संस्थाओं को धमकी। पिछले वर्षों में टैक्स और नियामक एजेंसियों के ज़रिए डर का ऐसा माहौल बनाया गया है कि पहले बेबाक रहने वाले कई उद्योगपति अब चुप हैं। मीडिया पर नियंत्रण – आज मीडिया पर अभूतपूर्व दबाव है। सरकार की आलोचना करने वाले पत्रकारों और समाचार संस्थानों को धमकी, गिरफ्तारी और छापे का सामना करना पड़ा है। मीडिया संस्थानों के मालिकों पर दबाव बनाया गया है कि वे सरकार परस्त पत्रकारों को ही नौकरी दें, सरकारी विज्ञापन और लाइसेंस अब संपादकीय सामग्री को प्रभावित करने के औजार बन गए हैं। जांच एजेंसियों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग – ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संस्थाओं का इस्तेमाल विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान करने और उन्हें बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। इन एजेंसियों का उपयोग करके भाजपा के लिए चुनावी बांड में 8,000 करोड़ रुपए की अवैध उगाही की गयी, जो लोग पार्टी बदलकर भाजपा में शामिल हो जाते हैं, वे अपने आप ईडी-मुक्त और सीबीआई-मुक्त हो जाते हैं। बेलगाम नफ़रती भाषण और नागरिक स्वतंत्रता पर नकेल सरकार की आलोचना करने वालों को लगातार बदनाम किया गया है। सत्ता में बैठे लोगों द्वारा जानबूझकर नफ़रत और कट्टरता फैलाई जाती है। आंदोलन कर रहे किसानों को खलिस्तानी कहा गया, जातिगत जनगणना की मांग करने वालों को अर्बन नक्सल करार दिया गया। महात्मा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया गया। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अपने जीवन और संपत्ति को लेकर भय के माहौल में जी रहे हैं। दलितों और अन्य वंचित समूहों को लगातार निशाना बनाया गया है, और नफ़रत फैलाने वाले वाले मंत्रियों को इनाम के तौर पर पदोन्नति मिली है। और तो और इंदिरा गांधी के खिलाफ शाह आयोग ने भी जो जांच किया, उसमें जिन बातों का उल्लेख किया था, वे सारी बातें आज इस देश में अघोषित आपातकाल के रूप में लागू की जा रहीं है। विपक्ष को खत्म करने लगातार सच की आवाज को दबाने झूठे केस लगाया जा रहा है और भाजपा पदाधिकारी और पदाधिकारी विधायक लगातार आम जन पर अन्याय कर रहे हैं।





## स्व. नारायण पटनायक की स्मृति में शाला को भेंट की गई मध्यान्ह भोजन सामग्री

**पिथौरा (ग्रामीण)**। नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में एनपी स्मृति फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए मध्यान्ह भोजन सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम स्व. नारायण पटनायक की 83वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। फाउंडेशन की संचालिका सत्यमंजरी पटनायक ने अपने दिवंगत पति की स्मृति में विद्यालय को लगभग 5000 रुपए की आवश्यक सामग्री भेंट की, जिसमें थाली, गिलास, बाल्टी, ड्रम, बर्तन रखने की जाली, कारपेट आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने स्कूल की रसोइयों को यह सामग्री सौंपते हुए स्व. नारायण पटनायक के सामाजिक योगदान को याद किया।

## पिथौरा में भाजपा ने मनाया संविधान हत्या दिवस आपातकाल को बताया लोकतंत्र का काला अध्याय



**पिथौरा (ग्रामीण)**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आह्वान पर भाजपा मंडल पिथौरा द्वारा आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए कांग्रेस की नीतियों की तीखी आलोचना की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में लगाए गए आपातकाल ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचल दिया था। उन्होंने कांग्रेस पर लोकतंत्र की हत्या और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का आरोप लगाया। मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि देश को जिस तरह की पीड़ा और दमन का सामना आपातकाल के दौरान करना पड़ा, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वरिष्ठ भाजपा नेता शशि कुमार डडसेना ने कहा कि कांग्रेस ने देश को जबरन गुलामी की ओर धकेलने का काम किया था, जिसे आज की पीढ़ी को जानना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन रामप्रसाद बारीक ने किया एवं आभार प्रदर्शन युवा भाजपा नेता विक्की सलूजा ने किया। इस दौरान रैदास गोयल, मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर, कार्यक्रम प्रभारी आलोक त्रिपाठी, दुलीकेशन साहू, सुरेंद्र साहू, राजेश चौधरी, निर्मला पिंपलकर, वर्षा सोनी, क्षमा गोयल, वेद प्रकाश गोयल, संदीप सेन, अनूप अग्रवाल, लक्ष्मीकांत सोनी, दुर्गेश सिन्हा, देवकुमार सिन्हा, दीपक सिंन्हा, कुलदीप अग्रवाल, सुकांत सोनी, सुधीर प्रधान, राजेश प्रधान, पुष्पकांत पटेल, रविंद्रर आजमानी, पुष्पराज गजेंद्र, प्रेम शंकर प्रधान, रंजीत पांडे, गोविंद पटेल, सुमित सिंघल, रामकुंवर सिन्हा, श्वेता प्रसाद, सुनीता ठाकुर, मोनू सलुजा, सुशील भोई, पंचराम मटियारा, रामप्रसाद बारिक, राजेश अग्रवाल, जीतू सुशील भोई सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हाईस्कूल उमरदा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल उमरदा में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत उमरदा के सरपंच जयसुधा चंद्राकर एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राजू यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना से हुई। कक्षा -9वीं में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि सरकार आज पहले की तुलना में बच्चों एवं स्कूलों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रही है जिसका लाभ सभी बच्चों को मिल रहा है। पहले बच्चों को स्कूली उच्च शिक्षा के बहुत दूर जाना पड़ता था, रास्ते खराब, बहुत सारी कठिनाओं का सामना करना पड़ता था। विषय शिक्षकों की कमी के साथ सुविधाओं का अभाव होता था। सभी कक्षाओं की किताबें खरीदना पड़ता था, जो अब निशुल्क प्राप्त हो रहे। सरपंच जयसुधा चंद्राकर ने कहा कि स्कूल में सभी विषयों के विशेषज्ञ शिक्षक इस विद्यालय में पदस्थ है, जो आप सभी विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य की बात है। आप सभी नियमित विद्यालय आएंगे तो निश्चित ही आपका पढ़ाई- लिखाई और बेहतर होगा। मुझे प्राचार्य से ज्ञात हुआ कि इस वर्ष कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में भूमिका साहू ने 91.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और अंचल को गौरवान्वित किया है और विद्यालय का कुल 95 प्रतिशत रिजल्ट आया है जो हम सब के लिए बड़े गर्व की बात है। आप ठान लो कि आप सभी विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आना है। संस्था के प्रभारी प्राचार्य पूनम कुमार चंद्राकर ने सभी बच्चों को नियमित शाला में उपस्थिति एवं नियमित अध्यापन पर जोर दिया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चंद्राकर, व्याख्याता धर्मराज चंद्राकर, परसराम चंद्राकर चंद्रकला साहू, सोनी चंद्राकर उपस्थित थे।



26062025-Mas-04_Layout 1 25-06-2025 10:03 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### खरोरा में कल निकाली जाएगी रथयात्रा

**महासमुंद।** हर साल की तरह इस बार भी ग्राम खरोरा के राममंदिर से 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि से इस रथ यात्रा का आयोजन होते है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजते रहते है। समिति के सदस्य आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### उपकार भवन में जगदंबा सरस्वती की पुण्यतिथि



**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में संस्थान की आधारशिला रही मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्यस्मृति दिवस मनाई गई। पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर मातेश्वरी को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित की। इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम प्रशासनिक प्रमुख रही और संगठन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें इस ईश्वरीय ज्ञान को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की ईश्वरीय कला हासिल था। मम्मा वहीं थी जिन्हें शास्त्रों में बुद्धि की देवी कहा जाता है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने मम्मा के नाम शिव पिता को भोग स्वीकार कराया, दीदी ने कहा सदा निर्भय और योगनिष्ठ सबको मातृप्रेम की भावना देने वाली, सहनशक्ति और सहनशीलता का साक्षात्कार अवतार थी मीठी मम्मा। शांती स्वभाव और मधुर वाणी से भरपूर नारी जागरण में नारी आध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत थी।

## निधन

### बैसाखीन ध्रुव



**महासमुंद।** ग्राम खैरा निवासी 95 वर्षीय बैसाखीन ध्रुव का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे सुरेंद्र ध्रुव, शिवकुमार ध्रुव, चंद्रशेखर ध्रुव की माता एवं दुर्गेश, प्रवीण, पंकज, दीपक, आकाश, नागेश, मोनू, संदीप, दुष्यंत, कमलेश, राहुल एवं खिलेश ध्रुव की दादी थी। जिनका अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में सामाजिकजन एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

**चर्चा : जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की हुई बैठक**

# योजनाओं को जनता से जोड़ना हमारा दायित्व : सांसद चौधरी

- केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, पारदर्शिता पर जोर
- सभी विभाग विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। सांसद चौधरी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जनपद प्रतिनिधि, सदस्य, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, वन मंडलाधिकारी मयंक पांडेय, सीईओ जिला पंचायत एस आलोक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाए ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। दिशा समिति की अध्यक्ष के रूप में सांसद चौधरी ने जिले में संचालित केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। योजनाओं की समीक्षा में कृषि विभाग अंतर्गत खाद बीज की समीक्षा, उपलब्धता और वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल योजना में किसी तरह की कमीशन नहीं चलेगी। ऐसे लोगों के विरुद्ध एफआईआर करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने कहा कि शासन की किसी भी योजना में किसी भी नागरिक, हितग्राही को अतिरिक्त राशि देने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि पुराने स्वीकृत आवास अंतर्गत 70 हजार 400 आवास पूर्ण हो चुके हैं। जबकि नए स्वीकृत आवास में 14 हजार 300 आवास पूर्ण हो चुके है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत 380 आवास पूर्ण हो गए हैं। बैठक में महिला बाल विकास अंतर्गत स्पांसरशिप प्रोग्राम के लिए ऐसे बच्चों को लाभ दिलाने कहा गया जिनके मां बाप दोनों नहीं है। जिले में अभी तक 157 बच्चों को लाभ मिल रहा है। इसी तरह अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।




### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने की अपील

इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने जिले में इस वर्ष हुए विभिन्न दुर्घटनाओं का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में अभी तक 184 लोग दुर्घटना के शिकार हुए हैं। इसमें से 89 लोग बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। उन्होंने अपील किया कि सड़क दुर्घटना से बचने के लिए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का एवं चार पहिया में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भी अपील की है कि वाहन चलाते समय नशा न करें साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

## जन्मदिन पर बांटे किसानों को खेती के लिए 12 क्विंटल मूंगफली बीज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

देश हित मानव सेवा कल्याण के लिए इस वर्ष ग्राम चकरदा की हरिता पटेल अपने जन्मदिन पर एक अनूठी पहल की है। हरिता पटेल अन्नपूर्णा महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष एवं स्वाभिमान महिला कृषक उत्पादन कंपनी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के पद पर पदस्थ है। उन्होंने विगत दिनों अपने जन्मदिन पर एसी ही एक अनूठी पहल करते हुए ग्राम चकरदा और बानीगिरोला में 66 किसानों को निःशुल्क मूंगफली बीज का उपहार महिला नेतृत्व में ग्राम विकास की मिसाल दी। कुल 32 एकड़ कृषि भूमि में मूंगफली की खेती हेतु कुल 12 क्विंटल 16 किलोग्राम बीज वितरित किया गया।

केंद्र सरकार की योजना नेशनल ऑईल सीड एंड इडिबल आईल स्कीम के सहयोग से हरिता पटेल ने अपने जन्मदिन पर इस योजना का लाभ ग्रामीणों को दिलाई। ग्राम चकरदा और बानीगिरोला में 16-16 एकड़ भूमि पर, प्रति एकड़ 38 किलोग्राम की दर से 12 क्विंटल 16 किग्रा बीज वितरण किया गया। ग्राम चकरदा में 26 किसान तथा बानीगिरोला में 40 किसाना उक्त योजना के तहत लाभ उठाए।

हरिता पटेल ने चर्चा में बताया कि उनके लिए कार्य करना ही सच्चा उत्सव है। यह पहल महिलाओं, ग्रामवासियों और कृषि क्षेत्र के लिए एक छोटा-सा समर्पण है। महिला नेतृत्व यदि संकल्प ले तो ग्राम विकास और कृषि उन्नति दोनों में नई दिशा दे सकता है।

यह आयोजन केवल बीज वितरण नहीं, बल्कि सामुदायिक एकता, सेवा-भाव महिला नेतृत्व का प्रतीक है। इस अवसर पर कृषि विभाग, हेमंत प्रधान, शिशुपाल एफपीओ, ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि नेपाल सिंह सिदार, गीता राजेंद्र पटेल (उपसरपंच), गणेश पटेल (पंच), भुवनेश्वर दास (सरपंच प्रतिनिधि), रमेश दास और ग्राम पंचायत टीम, ग्रामीण किसान और स्वयंसेवी, अन्नपूर्णा महिला स्व सहायता समूह की सदस्य, कृषि सखी, सक्रिय महिलाएं और ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## देश पर आपातकाल कभी न भूलने वाला घाव

### बागबाहरा में भाजपाइयों ने मनाया संविधान हत्या दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देशभर में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। बागबाहरा शहर मंडल में एक कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदीप चंद्राकर ने आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों और दमन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस की सत्ता की लालसा और इंदिरा गांधी के नेतृत्व में किए गए अत्याचारों ने देश को बर्बादी की ओर धकेल दिया। प्रदीप चंद्राकर आगे ने बताया कि आपातकाल के दौरान देशभक्त नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल में भरकर यातनाएं दी गईं और प्रेस की स्वतंत्रता को भी छीन लिया गया था। सरकार ने प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी थी, जिससे अखबारों और पत्रिकाओं को सरकार की नीतियों के अनुसार ही समाचार प्रकाशित करने पड़ते थे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डाली ध्रुव, नरेश चंद्राकर, मोतीलाल पुजारा, सविता दीवान, श्यामा चंद्राकर, योगेश चिन्दा, अजीत तांडी, धनराज साहू, सुरेंद्र वास्तव, भावेश बघेल, लोकेश कुमार नायक, राजा देवांगन, नंदू निर्मलकर, लोकू चंद्राकर, तिलेश्वर दुबेलाल साहू, भीखम ठाकुर, आबिद कुरैशी, बाला चंद्राकर, संजय मालवे, प्रेम साहू, अतुल गंडेचा, हरमीत बग्गा, चंद्रशेखर ध्रुव, काजल साहू, अरविंद छाबड़ा, अशोक दीप, तुलसी यादव, दिनेश रूपरेला, मदनलाल देवांगन, साहू, मोहन सागर, हितेंद्र देवांगन, दिनेश विशाल, दुलारी चंद्राकर, भारती साहू सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन हरमीत बग्गा ने किया।




## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र में काला अध्याय : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पी सिदार ने कहा कि इस कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य नई पीढ़ी को आपातकाल के काले अध्याय के बारे में बताना है। ताकि, आज के युवा जान सके कि उस दौर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कितना संघर्ष किया गया था।

25 जून 1975 को तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल की घोषणा की थी और उस दौरान नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकार सीमित कर दिए गए थे और बड़े पैमाने पर विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में डाला गया था। जबरन नसबंदी कार्यक्रम की वजह से जनता में भारी आक्रोश था।

संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने कहा कि 25 जून देशवासियों को याद दिलाएगा कि संविधान के कुचले जाने से के बाद देश को कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ा था। यह दिन उन सभी लोगों को नमन करने का भी है, जिन्होंने आपातकाल की घोर पीड़ा झेली। यह आपातकाल लोकतंत्र में काला अध्याय है। मिडिल स्कूल हेडमास्टर एसएल पटेल ने कहा कि 25 जून उस घटना की याद दिलाता है जब संविधान को रौंदा गया था। वरिष्ठ व्याख्याता एन साहू ने कहा कि 25 जून उन सभी लोगों के विशाल योगदान को याद करेगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था। प्राइमरी प्रधान पाठक महेंद्र तांडी ने कहा कि भारत के लोगों को भारत के संविधान और भारत के लोकतंत्र पर दृढ़ विश्वास है, इसलिए भारत सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग का सामना और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है, और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के घोर दुरुपयोग का समर्थन नहीं करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया है। बीडी साहू ने कहा कि इंदिरा गांधी सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम देश में कई ऐतिहासिक घटनाओं की वजह बना। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद समय था। 25 जून 1975 को घोषणा के बाद 21 मार्च 1977 तक यानी कि करीब 21 महीने तक भारत में आपातकाल लागू रहा। आपातकाल के दौरान देशभर में चुनाव स्थगित हो गए थे।



आपातकाल की घोषणा के साथ हर नागरिक के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे, लोगों के पास ना तो अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार था ना हीं जीवन का अधिकार। बड़ी संख्या में लोगों को जेल में डाला गया था। जेल में जगह ही नहीं बची थी। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई, हर अखबार में सेंसर अधिकारी रख दिए गए थे और उसे सेंसर अधिकारी की अनुमति के बिना कोई खबर छप नहीं सकती थी। अगर किसी ने सरकार के खिलाफ खबर छाप दी तो उसे गिरफ्तारी झेलनी पड़ी। आपातकाल के दौरान प्रशासन और पुलिस ने लोगों को प्रताड़ित किया, जिसकी कहानियां बाद में सामने आई। इस अवसर छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार रखें।

## देवरी विद्यालय में काला दिवस पर हुई सभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मंडल अंतर्गत ग्राम देवरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक परिसर में बुधवार को 1975 में अपनी सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा स्वतंत्र भारत के अलोकतांत्रिक अध्याय आधी रात को आपातकाल लगाने को याद करते हुए सामान्य सभा का आयोजन हुआ।

तत्पश्चात विद्यालय परिसर में (एक पेड़ मां के नाम) वृक्षारोपण किया गया। इस काला दिवस प्रमुख रूप से पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, मुख्य वक्ता खल्लारी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रीतमसिंह दीवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष रुपेश साहू, कार्यक्रम संयोजक व शाला विकास समिति अध्यक्ष रमेश पटेल, सह संयोजक दिनेश चंद्राकर, महामंत्री प्रकाश पटेल, उपाध्यक्ष छन्नू लाल साहू, सोसायटी अध्यक्ष कामता दल, सोसायटी अध्यक्ष खेमड़ा प्रतिनिधि राजेश साहू, चिंता सिन्हा, राकेश चंद्राकर, हरिवल्लभ शर्मा, धानी मरकाम, सरपंच खड़ादहरा हरीश जगत, मोरध्वज चक्रधारी भाजयुमो उपाध्यक्ष -कोमल साहू, मोहित साहू, डेमन साहू, अजजा मंडल उपाध्यक्ष अजय ध्रुव, दुर्गेश साहू, यादराम साहू, मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।





### सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में स्मार्ट स्टडी की शुरुआत

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में शिक्षा के क्षेत्र में एक और अभिनव पहल करते हुए स्मार्ट स्टडी प्रणाली की शुरुआत की गई है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पारंपरिक कक्षाओं के साथ-साथ डिजिटल संसाधनों और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पढ़ाई का अवसर मिलेगा। संस्थान की प्राचार्या रेंजी नायर ने बताया कि, आज के युग में तकनीक का इस्तेमाल शिक्षा को और प्रभावशाली बना सकता है। स्मार्ट स्टडी के माध्यम से विद्यार्थी वीडियो लेक्चर, ई-नोट्स, ऑनलाइन टेस्ट, वर्चुअल लैब्स एवं इंटरएक्टिव लर्निंग से अपनी समझ को और मजबूत बना सकेंगे। इस पहल के तहत छात्रों को कंप्यूटर और प्रोजेक्टर जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, साथ ही नर्सिंग से संबंधित सभी आवश्यक विषयों को डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध कराया गया है। यह कदम न केवल छात्रों की पढ़ाई को रोचक बनाएगा, बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए भी बेहतर रूप से तैयार करेगा। छात्रों ने भी इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है और इसे शिक्षा में एक सकारात्मक बदलाव बताया है।

## 25 सरकारी शिक्षकों ने स्वधन से बनाया 40 लाख का आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शिक्षक व मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि 35 शिक्षकों ने प्रतिमाह 2000 रुपए अंशदान अपने वेतन से देकर 40 लाख रुपए राशि एकत्र कर मानव समाज की सेवा के लिए मानवीय जागृति सेवा संस्थान रायगढ़ आश्रम की स्थापना की, जो कि प्रेरणादायी है। जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान में उपस्थित पूज्य अंबा दीदी ने सरकारी शिक्षकों के स्वधन से बने आश्रम को सरकारी शिक्षकों के त्याग, तपस्या और सेवा का प्रमाण स्थली बताते हुए ए नागराज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सरकारी शिक्षकों को जीवन विद्या का एक वर्षीय अध्ययन शिविर करवाने के लिए छग राज्य शैक्षणिक अनुसंधान व शैक्षणिक परिषद व सरकार के प्रति कृतज्ञता अर्पित की। सोम देव त्यागी प्रबोधक जीवन विद्या ने विकसित भारत, विकसित विश्व निर्माण में जीवन विद्या की भूमिका को रेखांकित करते हुए शिक्षकों को साधुवाद दिया। सरकारी शिक्षकों व समाज सेवियों तथा अभिभावकों को सुखपूर्वक जीने के लिए जीवन विद्या का अध्ययन अनिवार्य बताया। डाक्टर संकेत ठाकुर ने सरकारी शिक्षकों को प्रतिदिन चेतना विकास मूल्य शिक्षा का पाठ अनिवार्य रूप से स्कूलों में पढ़ाने का आह्वान किए।



कार्यक्रम में बाबूलाल नायक, शुक्लांबर, सुमीना, सुरेंद्र गुप्ता, वेणु धर इजारेदार, अनिल साव, नित्यानंद डड़सेना, उर्मिला मंगल सिदार, हेमलाल, हिमाचल पटेल, मधुराम पटेल, रूपा सिदार, लक्ष्मी सिदार, राखी कोकडिया आदि मौजूद रहे।

**संवाद कार्यक्रम से प्रवासी श्रमिकों के मुद्दों पर हुई चर्चा**

# पलायन नीति 2020 की चुनौतियों के समाधान सुझाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना काल में बनाई गई छत्तीसगढ़ पलायन नीति 2020 पर चर्चा का विशेष कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को होटल स्वर्ण में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नीति में विद्यमान चुनौतियों एवं कमियों की पहचान कर उनके समाधान हेतु सुझाव एकत्र करना रहा। बता दें कि पिछले तीन वर्षों से धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जिले के पलायन प्रभावित क्षेत्रों में समुदाय आधारित संगठनों के माध्यम से पलायन को रोकने, कम करने एवं श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य बेहतर तरीके से समाजसेवी संस्था प्रयोग द्वारा किया जा रहा है। संस्था प्रयोग तिल्दा द्वारा यूरोपियन यूनियन एवं वेल्ट हंगर हिलफे के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में प्रयोग संस्था की ओर से संस्था के उद्देश्यों, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की उपलब्धता बढ़ाने एवं पलायन की रोकथाम पर प्रकाश डालने से हुई। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य की अंतरराज्यीय प्रवासन नीति 1979 तथा पलायन नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सहभागी संगठनों एवं प्रतिभागियों ने मिलकर इस नीति में मौजूद कमियों एवं उन आवश्यक मुद्दों की पहचान की, जिन्हें नीति में शामिल नहीं किया गया है। लेकिन, प्रवासी श्रमिकों एवं उनके परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन बिंदुओं के आधार पर नीति में संशोधन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। संशोधन के सुझाव को एकत्र कर, एक दस्तावेज तैयार किए जाने की तैयारी है जिसे राज्य सरकार को "छत्तीसगढ़ पलायन नीति 2020 में संसोधन के अपील के साथ प्रेषित किया जायेगा। इस विचार-विमर्श कार्यक्रम में जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं जैसे जन साहस, आश्रया फाउंडेशन, सखी वन स्टॉप सेंटर, सृजन कल्याण संस्था, उन्नयन जन विकास समिति, निदान संस्था तथा अन्य कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रयोग संस्था की ओर से कार्यक्रम में अरुण कोसरिया (सचिव), निर्मला कुजूर (कोषाध्यक्ष), सुमन साहू, देवंतिन ठाकुर, पुष्पलता साहू, देवेंद्र वर्मा एवं पूरब धुरंधर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहभागिता देने वाले समस्त समाज सेवी और अन्य कार्यकर्ताओं ने पलायन के विषय पर प्रयोग की इस पहल को सराहा।




